Seventeenth Loksabha

tle: Re: Demand to establish a bench of Jodhpur High Court in Udaipur.

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा) : माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य काल में अपने क्षेत्र की बात कहने को मौका दिया है।…(व्यवधान)

माननीय सभापति जी, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर जो कि एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है। यहां के लोगों की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण अक्सर छोटे-बड़े मुकदमे होते रहते हैं।…(व्यवधान) उदयपुर संभाग में कोई भी न्यायालय न होने के कारण यहां के लोगों को अपने मुकदमे लड़ने के लिए 500 किलोमीटर दूर जोधपुर जाना पड़ता है।…(व्यवधान)

इस कारण क्षेत्र की गरीब जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। क्षेत्र की जनता व यहां के जनप्रतिनिधियों द्वारा काफी लंबे समय से उदयपुर संभाग में न्यायालय की स्थापना के लिए मांग की जाती रही है, किंतु अभी तक इसका समाधान नहीं हो पा रहा है।…(व्यवधान)

महोदय, मेरा सदन के माध्यम से माननीय विधि एवं न्याय मंत्री जी से आग्रह है कि उदयपुर संभाग व विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र के लिए जोधपुर न्यायालय की एक बेंच उदयपुर में स्थापित कराने का कष्ट करें, इसके लिए मेरे क्षेत्र की समग्र जनता सदा आपकी आभारी रहेगी।